गणित

अध्याय-7 : समाकलन

समाकलन

समाकलन, अवलोकन की विपरीत क्रिया है

अवलोकन गणित में हम एक फलन का अवलोकन गुणंक निकलता है, जबकी **समाकलन** गणित में हम उस फलन को ज़ात करते है जिसका अवलोकन गुणांक दिया हो।

समाकलन की परिभाषा

यह एक विशेष प्रकार की योग क्रिया है जिसमें अत्यणु (Infinitesimal) मान वाली किन्तु गिनती में अत्यधिक चर राशियों को जोड़ा जाता है।

इसका एक प्रमुख उपयोग वक्राकार क्षेत्रों का क्षेत्रफल तथा आयतन निकालने में होता है। समाकलन को अवकलन की व्युत्क्रम संक्रिया की तरह भी समझा जा सकता है।



समाकलन के प्रकार-

1. परिमेय फलन
2. अपरिमेय फलन
3. लघुगणकीय फलन

4. चरघातांकी फलन
5. त्रिकोणमित्तीय फलन
6. हाइपरबोलिक फलन
7. इन्वर्स हाइपरबोलिक फलन
8. प्रतिवर्तन सूत्र (रिकर्सन फॉर्मूले)

समाकलन के सूत्र (Integration Formulas)

- $\int x^n \cdot dx = \frac{x^{n+1}}{n+1} + C$
- $\int e^x \cdot dx = e^x + C$
- $\int e^{-x} \cdot dx = -e^{-x} + C$
- $\int \frac{1}{x} \cdot dx = \log x + C$
- $\int \text{Sin}x \cdot dx = -\text{Cos}x + C$
- $\int \text{Cos}x \cdot dx = \text{Sin}x + C$
- $\int \text{Tan}x \cdot dx = \log \text{Sec}x + C$
- $\int \text{Cot}x \cdot dx = \log \text{Sin}x + C$
- $\int \text{Sec}x \cdot dx = \log |\text{Sec}x + \text{Tan}x| + C$
- $\int \text{Cosec}x \cdot dx = \log |\text{Cosec}x - \text{Cot}x| + C$

- $\int \frac{1}{\sqrt{1-x^2}} \cdot dx = \sin^{-1}x + C$

- $\int \frac{1}{1+x^2} \cdot dx = \tan^{-1}x + C$

- $\int \frac{1}{x\sqrt{x^2-1}} \cdot dx = \sec^{-1}x + C$

- $\int \frac{1}{\sqrt{a^2-x^2}} \cdot dx = \sin^{-1}\left(\frac{x}{a}\right) + C$

- $\int \frac{1}{\sqrt{x^2-a^2}} \cdot dx = \log|x + \sqrt{x^2-a^2}| + C$

- $\int \frac{1}{\sqrt{x^2+a^2}} \cdot dx = \log|x + \sqrt{x^2+a^2}| + C$

- $\int \sqrt{a^2-x^2} \cdot dx = \frac{x}{2}\sqrt{a^2-x^2} + \frac{a^2}{2}\sin^{-1}\left(\frac{x}{a}\right) + C$

- $\int \sqrt{a^2+x^2} \cdot dx = \frac{x}{2}\sqrt{a^2+x^2} + \frac{a^2}{2}\log|x + \sqrt{x^2+a^2}| + C$

- $\int \sqrt{x^2 - a^2} \cdot dx = \frac{x}{2} \sqrt{x^2 - a^2} - \frac{a^2}{2} \log |x + \sqrt{x^2 - a^2}| + C$

- $\int \frac{1}{a^2 - x^2} \cdot dx = \frac{1}{2a} \log \left| \frac{a + x}{a - x} \right| + C$

- $\int \frac{1}{x^2 - a^2} \cdot dx = \frac{1}{2a} \log \left| \frac{x - a}{x + a} \right| + C$

- $\int Sec^2 x \cdot dx = Tan x + C$

- $\int Cosec^2 x \cdot dx = - Cot x + C$

- $\int Sec x \cdot Tan x \cdot dx = Sec x + C$

- $\int Cosec x \cdot Cot x \cdot dx = - Cosec x + C$

- $\int K \cdot dx = Kx + C$ (जहाँ K = अचर राशि)

- $\int \frac{1}{x^2 + a^2} \cdot dx = \frac{1}{a} Tan^{-1} \frac{x}{a} + C$

समाकलन के मूलभूत प्रमेय

1. अवलोकन और समाकलन की क्रिया एक दूसरे को प्रकट करती है

$$\frac{d}{dx}\left[\int f(x)dx\right]=f(x).$$

प्रमाण (Proof) : माना कि

$$f(x)=\frac{d}{dx}F(x) \qquad ...(1)$$

तब समाकल की परिभाषा से,

$$\int f(x)dx=F(x) \qquad ...(2)$$

समी. (2) के दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$$\frac{d}{dx}\int f(x)dx=\frac{d}{dx}F(x)=f(x), \quad \text{[समी. (1) से]}$$

2. एक चर व् एक फलन के गुणनफल का समाकलन उस चर के बराबर होता है|

$$\int cf(x)dx=c\int f(x)dx.$$

प्रमाण (Proof) :

$$\frac{d}{dx}\left[c\int f(x)dx\right]=c\frac{d}{dx}\int f(x)dx$$

$$=cf(x), \qquad \text{[प्रमेय (i) से]}$$

$$\therefore \qquad \int cf(x)dx=c\int f(x)dx.$$

3. दो फलनों के योग तथा अंतर् का समाकलन

माना कि $\int f_1(x)dx=F_1(x)$

तथा $\int f_2(x)dx=F_2(x)$

तब $\frac{d}{dx}F_1(x)=f_1(x)$

तथा $\frac{d}{dx}F_2(x)=f_2(x)$

अत: $\frac{d}{dx}[F_1(x)\pm F_2(x)]=\frac{d}{dx}F_1(x)\pm\frac{d}{dx}F_2(x)$

$$=f_1(x)\pm f_2(x)$$

$$\therefore \int\{f_1(x)\pm f_2(x)\}dx = F_1(x)\pm F_2(x)$$
$$= \int f_1(x)dx \pm \int f_2(x)dx$$

अर्थात दो फलनों के योगफल या समाकलन उन फलनों के समाकलन के योगफल या अंतर् के बराबर होता है

$$\int\{f_1(x)\pm f_2(x)\pm f_3(x)\pm..........\pm f_n(x)\}dx$$
$$= \int f_1(x)dx \pm \int f_2(x)dx \pm \int f_3(x)dx \pm ....$$
$$\pm \int f_n(x)dx$$

इसके अतिरिक्त यदि $c_1, c_2, c_3, ..., c_n$ अचर राशियाँ हों, तो

$$\int\{c_1f_1(x)\pm c_2f_2(x)\pm c_3f_3(x)\pm........\pm c_nf_n(x)\}dx$$
$$= c_1\int f_1(x)dx \pm c_2\int f_2(x)dx \pm c_3\int f_3(x)dx \pm ....$$
$$\pm c_n\int f_n(x)dx.$$

उदाहरण: निम्न फलनों का x के सापेक्ष समाकलन

(i) 0, (ii) 1, (iii) x, (iv) x^{99}, (v) x^{-11}, (vi) $x^{3/2}$.

हल : (i) $\int 0dx = c, \left[\because \frac{d}{dx}(c) = 0\right]$

(ii) $\int 1dx = x.$

(iii) $\int xdx = \frac{x^{1+1}}{1+1} = \frac{1}{2}x^2 + c.$

(iv) $\int x^{99}dx = \frac{x^{99+1}}{99+1} = \frac{1}{100}x^{100} + c.$

(v) $\int x^{-11}dx = \frac{x^{-11+1}}{-11+1} = \frac{x^{-10}}{-10} = -\frac{1}{10}x^{-10} + c.$

(vi) $\int x^{3/2}dx = \frac{x^{\frac{3}{2}+1}}{\frac{3}{2}+1} = \frac{2}{5}x^{5/2} + c.$

x के सापेक्ष समाकलन ज्ञात कीजिए :

$$1+x+\frac{x^2}{2!}+\frac{x^3}{3!}+\frac{x^4}{4!}+........$$

हल : $f(x)=1+x+\frac{x^2}{2!}+\frac{x^3}{3!}+\frac{x^4}{4!}+.........=e^x$

$\therefore \int f(x)dx=\int e^x dx=e^x$

$$=1+x+\frac{x^2}{2!}+\frac{x^3}{3!}+\frac{x^4}{4!}+.........$$

उदाहरण:

x के सापेक्ष समाकल ज्ञात कीजिए :

$$\frac{x^3+3x^2+4}{\sqrt{x}}.$$

हल : $\int\frac{x^3+3x^2+4}{\sqrt{x}}dx$

$$=\int\left(\frac{x^3}{x^{1/2}}+3\frac{x^2}{x^{1/2}}+\frac{4}{x^{1/2}}\right)dx$$

$$=\int(x^{5/2}+3x^{3/2}+4x^{-1/2})dx$$

$$=\int x^{5/2}dx+\int 3x^{3/2}dx+\int 4x^{-1/2}dx$$

$$=\frac{x^{\frac{5}{2}+1}}{\frac{5}{2}+1}+3\frac{x^{\frac{3}{2}+1}}{\frac{3}{2}+1}+4\frac{x^{-\frac{1}{2}+1}}{-\frac{1}{2}+1}$$

$$=\frac{2}{7}x^{\frac{7}{2}}+\frac{6}{5}x^{\frac{5}{2}}+8\sqrt{x}+c.$$

उदाहरण:

$\int \cos^{-1}(\cos x)\,dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : $I = \int \cos^{-1}(\cos x)dx$

$I = \int x dx$

$I = \int \frac{x^2}{2} + c.$

उदाहरण:

$\int (\tan^{-1} x + \cot^{-1} x)dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : $I = \int (\tan^{-1} x + \cot^{-1} x)dx$

$I = \int \frac{\pi}{2} dx = \frac{\pi}{2}\int dx = \frac{\pi}{2} x + c.$

उदाहरण:

x के सापेक्ष समाकलन कीजिए :

$\frac{\sin^2 x - \cos^2 x}{\sin^2 x \cos^2 x}$.

हल : $\int \frac{\sin^2 x - \cos^2 x}{\sin^2 x \cos^2 x} dx$

$= \int \left(\frac{\sin^2 x}{\sin^2 x \cos^2 x} - \frac{\cos^2 x}{\sin^2 x \cos^2 x} \right) dx$

$= \int \left(\frac{1}{\cos^2 x} - \frac{1}{\sin^2 x} \right) dx$

$= \int (\sec^2 x - \operatorname{cosec}^2 x) dx$

$= \tan x + \cot x + c.$

उदाहरण:

$\int \frac{\sin x + \operatorname{cosec} x}{\tan x} dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : $\int \frac{\sin x + \operatorname{cosec} x}{\tan x} dx$

$$= \int \frac{\sin x}{\tan x} dx + \int \frac{\operatorname{cosec} x}{\tan x} dx$$

$$= \int \frac{\sin x}{\frac{\sin x}{\cos x}} dx + \int \frac{1}{\sin x \cdot \frac{\sin x}{\cos x}} dx$$

$$= \int \cos x dx + \int \frac{\cos x}{\sin x . \sin x} dx$$

$$= \sin x + \int \cot x . \operatorname{cosec} x \, dx$$

$$= \sin x - \operatorname{cosec} x + c$$

उदाहरण:

$\int \sqrt{1 - \sin 2x} dx$ को हल कीजिए।

$\int \sqrt{1 - \sin 2x} dx$

$$= \int \sqrt{\cos^2 x + \sin^2 x - 2 \sin x \cos x} dx$$

$$= \int \sqrt{(\cos x - \sin x)^2} dx$$

$$= \int (\cos x - \sin x) dx$$

$$= \sin x + \cos x + c.$$

उदाहरण:

$\int \frac{dx}{1 + \cos x}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I = \int \frac{dx}{1+\cos x}$

$\Rightarrow \quad I = \int \frac{(1-\cos x)}{(1+\cos x)(1-\cos x)} dx$

$\Rightarrow \quad I = \int \frac{1-\cos x}{1-\cos^2 x} dx \Rightarrow I = \int \frac{1-\cos x}{\sin^2 x} dx$

$\Rightarrow \quad I = \int \left(\frac{1}{\sin^2 x} - \frac{\cos x}{\sin^2 x} \right) dx$

$\Rightarrow \quad I = \int (\text{cosec}^2 x - \cot x \,\text{cosec}\, x) dx$

$\Rightarrow \quad I = \int \text{cosec}^2 x dx - \int \cot x \,\text{cosec}\, x dx$

$\Rightarrow \quad I = -\cot x + \text{cosec} x + c.$

उदाहरण:

$\int \frac{1-\cos 2x}{1+\cos 2x} dx$ **का मान ज्ञात कीजिए।**

हल : माना $I = \int \frac{1-\cos 2x}{1+\cos 2x} dx$

$\Rightarrow \quad I = \int \frac{2\sin^2 x}{2\cos^2 x} dx$

$\Rightarrow \quad I = \int \tan^2 x dx$

$\Rightarrow \quad I = \int (\sec^2 x - 1) dx$

$\Rightarrow \quad I = \int \sec^2 x dx - \int dx$

$\Rightarrow \quad I = \tan x - x + c.$

$\int \frac{1+\sin x}{1-\sin x} dx$ **का मान ज्ञात कीजिए।**

हल : माना $I=\int \frac{1+\sin x}{1-\sin x}dx$

$$=\int \frac{(1+\sin x)(1+\sin x)}{(1-\sin x)(1+\sin x)}dx$$

$$=\int \frac{(1+\sin x)^2}{1-\sin^2 x}dx$$

$$=\int \frac{1+\sin^2 x+2\sin x}{\cos^2 x}dx$$

$$=\int \left\{\frac{1}{\cos^2 x}+\frac{\sin^2 x}{\cos^2 x}+\frac{2\sin x}{\cos^2 x}\right\}dx$$

$$=\int \sec^2 x dx+\int \tan^2 x dx$$

$$+2\int \tan x \sec x dx$$

$$=\tan x+\int(\sec^2 x-1)dx+2\sec x$$

$$=\tan x+\int \sec^2 x dx-\int 1.dx+2\sec x$$

$$=\tan x+\tan x-x+2\sec x$$

$$=2\tan x+2\sec x-x+c.$$

प्रतिस्थापन विधि द्वारा समाकलन

जब हमें ऐसे फलनों का समाकल ज्ञात करना होता है जो किसी प्रामाणिक रूप में नहीं होते अथवा सरलता से प्रामाणिक रूप ग्रहण नहीं करते, तब हम समाकलन चर x को किसी दूसरे चर 1 के उचित फलन के रूप में व्यक्त करते हैं। ऐसा करना प्रतिस्थापन (Substitution) करना कहलाता है। उचित प्रतिस्थापन का कोई निश्चित निर्धारित नियम नहीं है। इस सन्दर्भ में अनुभव ही सर्वश्रेष्ठ निर्देश का कार्य करता है। उचित प्रतिस्थापन के बाद प्राप्त फलन ऐसा होता है कि प्रामाणिक सूत्रों की सहायता से उसका समाकलन करना सरल हो जाता है।

प्रतिस्थापन विधि

माना $I = \int f(x)dx$

$\therefore \quad \frac{dI}{dx} = f(x)$

माना $x = \phi(t)$, तब $\frac{dx}{dt} = \phi'(t)$

$\therefore \quad \frac{dI}{dt} = \frac{dI}{dx} \cdot \frac{dx}{dt}$

$= f(x)\phi'(t)$

$= f\{\phi(t)\}\phi'(t)$

दोनों पक्षों का t के सापेक्ष समाकलन करने पर,

$I = \int f\{\phi(t)\}\phi'(t)dt$

अतः $I = \int f(x)dx \; f(x) = \int f\{\phi(t)\}\phi'(t)dt.$

उदाहरण:

$\int e^{2x}dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I = \int e^{2x}dx$

$2x = t$ रखने पर,

$2\frac{d}{dx}x = \frac{dt}{dx}$

$\Rightarrow \quad 2dx = dt \Rightarrow dx = \frac{1}{2}dt$

$\therefore \quad I = \frac{1}{2}\int e^t dt = \frac{1}{2}e^t + c$

अतः $I = \frac{1}{2}e^{2x} + c.$

उदाहरण:

$\int (3x+2)^5 dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I=\int(3x+2)^5dx$

$3x+2=t$ रखने पर,

$$3\frac{d}{dx}x=\frac{dt}{dx}$$

$$\Rightarrow \quad 3.1=\frac{dt}{dx}\Rightarrow dx=\frac{1}{3}dt$$

$$\therefore \quad I=\frac{1}{3}\int t^5dt=\frac{1}{3}\cdot\frac{t^{5+1}}{5+1}+c=\frac{t^6}{18}+c$$

अत: $$I=\frac{(3x+2)^6}{18}+c, \quad [\because t=3x+2].$$

उदाहरण:

$\int\frac{1}{1+\cos x}dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I=\int\frac{1}{1+\cos x}dx$

$$=\int\frac{1}{1+2\cos^2\frac{x}{2}-1}dx$$

$$=\frac{1}{2}\int\frac{1}{\cos^2\frac{x}{2}}dx=\frac{1}{2}\int\sec^2\frac{x}{2}dx$$

$$=\frac{1}{2}\frac{\tan\frac{x}{2}}{\frac{1}{2}}+c \quad =\tan\frac{x}{2}+c.$$

उदाहरण:

$\int\sqrt{1-\cos x}\,dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I=\int\sqrt{1-\cos x}dx$

$\Rightarrow \quad I=\int\sqrt{2\sin^2\frac{x}{2}}dx$

$\Rightarrow \quad I=\sqrt{2}\int\sin\frac{x}{2}dx$

$\Rightarrow \quad I=-\sqrt{2}\frac{\cos\frac{x}{2}}{\frac{1}{2}}+c$

$\therefore \quad I=-2\sqrt{2}\cos\frac{x}{2}+c.$

उदाहरण:

$\int\sin 4x\sin 8x dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I=\int\sin 4x\sin 8x\, dx$

$\Rightarrow \quad I=\frac{1}{2}\int 2\sin 8x\sin 4x\, dx$

$\Rightarrow \quad I=\frac{1}{2}\int[\cos(8x-4x)-\cos(8x+4x)]dx$,

$[\because 2\sin A\sin B=\cos(A-B)-\cos(A+B)]$

$\Rightarrow \quad I=\frac{1}{2}\int(\cos 4x-\cos 12x)dx$

$=\frac{1}{2}\int\cos 4x dx-\frac{1}{2}\int\cos 12x dx$

$=\frac{\sin 4x}{2\times 4}-\frac{\sin 12x}{2\times 12}+c$

$\therefore \quad I=\frac{\sin 4x}{8}-\frac{\sin 12x}{24}+c.$

उदाहरण:

$\int \sin^4 \theta \, d\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I = \int \sin^4 \theta \, d\theta$

$$= \int (\sin^2 \theta)^2 \, d\theta$$

$$= \int \left(\frac{1-\cos 2\theta}{2}\right)^2 d\theta$$

$$= \frac{1}{4}\int (1 - 2\cos 2\theta + \cos^2 2\theta) d\theta$$

$$= \frac{1}{4}\int \left(1 - 2\cos 2\theta + \frac{1+\cos 4\theta}{2}\right) d\theta$$

$$= \frac{1}{8}\int (3 - 4\cos 2\theta + \cos 4\theta) d\theta$$

$$= \frac{1}{8}\left(3\theta - 4.\frac{\sin 2\theta}{2} + \frac{\sin 4\theta}{4}\right)$$

$$\therefore \quad I = \frac{1}{8}\left(3\theta - 2\sin 2\theta + \frac{\sin 4\theta}{4}\right).$$

उदाहरण:

$\int \sec^2 x \tan^3 x dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I=\int \sec^2 x \tan^3 x dx$

$\tan x = t$ रखने पर,

$$\frac{d}{dx}\tan x = \frac{dt}{dx}$$

$$\Rightarrow \quad \sec^2 x = \frac{dt}{dx}$$

$$\Rightarrow \quad \sec^2 x dx = dt$$

$$\therefore \quad I = \int t^3 dt$$

$$\Rightarrow \quad I = \frac{t^4}{4} + c$$

$$\Rightarrow \quad I = \frac{\tan^4 x}{4} + c.$$

उदाहरण:

$\int 2x \sin(x^2+1)dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I = \int 2x \sin(x^2+1)dx$

$x^2+1=t$ रखने पर,

$$\frac{d}{dx}(x^2+1) = \frac{dt}{dx}$$

$$\Rightarrow \quad 2x = \frac{dt}{dx} \Rightarrow 2xdx = dt$$

$$\therefore \quad I = \int \sin t dt = -\cos t + c$$

$$\Rightarrow \quad I = -\cos(x^2+1) + c.$$

उदाहरण:

$\int \sin x \sin(\cos x)dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I = \int \sin x \sin(\cos x) dx$

$\cos x = t$ रखने पर,

$$\frac{d}{dx}(\cos x) = \frac{dt}{dx}$$

$$\Rightarrow \quad -\sin x = \frac{dt}{dx} \Rightarrow \sin x dx = -dt$$

$$\therefore \quad I = -\int \sin t dt \quad = \cos t + c$$

$$\Rightarrow \quad I = \cos(\cos x) + c.$$

उदाहरण:

$\int \sin^4 x \cos x dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $\quad I = \int \sin^4 x \cos x dx$

पुनः माना $\quad \sin x = t \Rightarrow \cos x dx = dt$

$$\therefore \quad I = \int t^4 dt = \frac{t^5}{5} = \frac{1}{5}\sin^5 x + c.$$

उदाहरण:

$\int \frac{\sin^2(\log x)}{x} dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I=\int \frac{\sin^2(\log x)}{x}dx$

पुन: माना $\log x = t \Rightarrow \frac{1}{x}dx = dt$

$\therefore$ $I=\int \sin^2 t dt = \int\left(\frac{1-\cos 2t}{2}\right)dt$

$=\frac{1}{2}\int dt - \frac{1}{2}\int \cos 2t\, dt$

$=\frac{1}{2}t - \frac{1}{2}\frac{\sin 2t}{2} + c$

अत: $I=\frac{1}{2}\log x - \frac{1}{4}\sin(2\log x) + c.$

उदाहरण:

$\int \frac{\sin^6 x}{\cos^8 x}dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I=\int \frac{\sin^6 x}{\cos^8 x}dx$

$\Rightarrow$ $I=\int \frac{\sin^6 x}{\cos^6 x \times \cos^2 x}dx$

$\Rightarrow$ $I=\int \tan^6 x \sec^2 x dx$

$\tan x = t$ रखने पर,

$\frac{d}{dx}\tan x = \frac{dt}{dx}$

$\Rightarrow$ $\sec^2 x = \frac{dt}{dx} \Rightarrow \sec^2 x dx = dt$

$\therefore$ $I=\int t^6 dt = \frac{t^7}{7} + c$

अत: $I=\frac{\tan^7 x}{7} + c.$

उदाहरण:

$\int \frac{x^2 \tan^{-1} x^3}{1+x^6} dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I = \int \frac{x^2 \tan^{-1} x^3}{1+x^6} dx$

पुनः माना $\tan^{-1} x^3 = t$

$\Rightarrow \frac{1}{1+x^6} \times 3x^2 dx = dt$

$\Rightarrow \quad \frac{x^2}{1+x^6} dx = \frac{1}{3} dt$

$\therefore \quad I = \frac{1}{3}\int t dt = \frac{1}{6} t^2 + c$

अतः $\quad I = \frac{1}{6}(\tan^{-1} x^3)^2 + c.$

उदाहरण:

$\int \tan^4 x dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I = \int \tan^4 x dx$

$\Rightarrow \quad I = \int \tan^2 x . \tan^2 x dx$

$\Rightarrow \quad I = \int (\sec^2 x - 1) \tan^2 x dx$

$\Rightarrow \quad I = \int \tan^2 x \sec^2 x dx - \int \tan^2 x dx$

$\therefore \quad I = \int \tan^2 x \sec^2 x dx - \int \tan^2 x dx$

$\tan x = t$ रखने पर,

$$\frac{d}{dx}\tan x = \frac{dt}{dx}$$

$$\Rightarrow \quad \sec^2 x = \frac{dt}{dx}$$

$$\Rightarrow (\sec^2 x)dx = dt$$

$$\therefore \quad I = \int t^2 dt - \int (\sec^2 x - 1)dx$$

$$= \frac{t^3}{3} - \int \sec^2 x dx + \int dx$$

$$\Rightarrow \quad I = \frac{\tan^3 x}{3} - \tan x + x + c.$$

उदाहरण:

$\int \frac{xdx}{\sqrt{4-x^4}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $\quad I = \int \frac{xdx}{\sqrt{4-x^4}}$

पुनः माना $x^2 = t$, तब $2xdx = dt \Rightarrow xdx = \frac{dt}{2}$

$$\therefore \quad I = \frac{1}{2}\int \frac{dt}{\sqrt{4-t^2}}$$

$$= \frac{1}{2}\int \frac{dt}{\sqrt{2^2 - t^2}} = \frac{1}{2}\sin^{-1}\left(\frac{t}{2}\right) + c$$

अतः $\quad I = \frac{1}{2}\sin^{-1}\left(\frac{x^2}{2}\right) + c.$

उदाहरण:

$\int \frac{x^2}{1+x} dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I = \int \frac{x^2}{1+x} dx = \int \frac{x^2-1+1}{1+x} dx$

$$= \int \left[\frac{(x-1)(x+1)}{1+x} + \frac{1}{1+x}\right] dx$$

$$= \int \left[x - 1 + \frac{1}{1+x}\right] dx$$

$\therefore \quad I = \frac{x^2}{2} - x + \log_e(1+x).$

उदाहरण:

$\int \frac{x^{m-1}}{\sqrt{1-x^m}} dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $\quad I = \int \frac{x^{m-1}}{\sqrt{1-x^m}} dx$

पुन: माना $\quad x^m = t$

$\Rightarrow \quad \frac{d}{dx} x^m = \frac{dt}{dx}$

$\Rightarrow \quad m x^{m-1} dx = dt \Rightarrow x^{m-1} dx = \frac{1}{m} dt$

$\therefore \quad I = \frac{1}{m} \int \frac{dt}{\sqrt{1-t}} = \frac{1}{m} \int (1-t)^{-\frac{1}{2}} dt$

$$= \frac{1}{m} \frac{(1-t)^{-\frac{1}{2}+1}}{(-\frac{1}{2}+1)(-1)} = -\frac{2}{m}\sqrt{1-t}$$

अत: $\quad I = -\frac{2}{m}\sqrt{1-x^m}$

उदाहरण:

$\int \frac{1}{e^x + e^{-x}} dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I = \int \frac{1}{e^x + e^{-x}} dx$

$= \int \frac{e^x}{(e^x + e^{-x})e^x} dx = \int \frac{e^x}{e^{2x} + e^0} dx$

∴ $I = \int \frac{e^x}{e^{2x} + 1} dx$

पुनः माना $e^x = t \Rightarrow e^x dx = dt$

∴ $I = \int \frac{dt}{t^2 + 1} = \tan^{-1} t$

अतः $I = \tan^{-1}(e^x)$.

उदाहरण:

$\tan x$ का समाकलन (Integration of $\tan x$)

माना $I = \int \tan x dx$

$= \int \frac{\sin x}{\cos x} dx = -\int \frac{\frac{d}{dx}\cos x}{\cos x} dx$

$= -\log \cos x,$ [§7(A)·11से]

$= \log\left(\frac{1}{\cos x}\right), \left[\because -\log x = \log \frac{1}{x}\right]$

$= \log \sec x$

∴ $\boxed{\int \tan x dx = \log(\sec x) = -\log(\cos x)}$

उदाहरण:

$\int \frac{\cos x - \sin x}{\cos x + \sin x} dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I = \int \frac{\cos x - \sin x}{\cos x + \sin x} dx$

$\cos x + \sin x = t$ रखने पर,

$$-\sin x + \cos x = \frac{dt}{dx}$$

$\Rightarrow \quad (\cos x - \sin x)dx = dt$

$\therefore \quad I = \int \frac{dt}{t} = \log t$

अतः $\quad I = \log(\cos x + \sin x).$

उदाहरण:

$\int \frac{dx}{x(1 + \log x)} dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I = \int \frac{dx}{x(1 + \log x)}$

$1 + \log x = t$ रखने पर,

$$\frac{d}{dx}(1 + \log x) = \frac{dt}{dx}$$

$\Rightarrow \quad \frac{1}{x} = \frac{dt}{dx} \Rightarrow \frac{dx}{x} = dt$

$\therefore \quad I = \int \frac{dt}{t}$

$$I = \log(t) + c$$

अतः $\quad I = \log(1 + \log x) + c.$

उदाहरण:

$\int\left(\frac{e^x-e^{-x}}{e^x+e^{-x}}\right)dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I=\int\left(\frac{e^x-e^{-x}}{e^x+e^{-x}}\right)dx$

$e^x+e^{-x}=t$ रखने पर,

$$(e^x-e^{-x})dx=dt$$

$\therefore \quad I=\int\frac{dt}{t}=\log t$

अत: $\quad I=\log(e^x+e^{-x}).$

उदाहरण:

$\int\frac{dx}{\sqrt{1+\sin x}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $I=\int\frac{dx}{\sqrt{1+\sin x}}$

$$=\int\frac{dx}{\sqrt{\left\{1-\cos\left(\frac{\pi}{2}+x\right)\right\}}}$$

$$=\int\frac{dx}{\sqrt{2\sin^2\left[\left(\frac{\pi}{2}+x\right)/2\right]}},$$

$$\left[\because 1-\cos x=2\sin^2\frac{x}{2}\right]$$

$$=\frac{1}{\sqrt{2}}\int\frac{dx}{\sin\left(\frac{\pi}{4}+\frac{x}{2}\right)}=\frac{1}{\sqrt{2}}\int\text{cosec}\left(\frac{\pi}{4}+\frac{x}{2}\right)dx$$

$\frac{\pi}{4}+\frac{x}{2}=t$ रखने पर,

$$dx=2dt$$

$\therefore$ $$I=\frac{2}{\sqrt{2}}\int \operatorname{cosec} t\,dt \;=\sqrt{2}\log\tan\frac{t}{2}$$

अतः $$I=\sqrt{2}\log\tan\left(\frac{\pi}{8}+\frac{x}{4}\right).$$

$\int\frac{1}{x+\sqrt{x}}dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

उदाहरण:

हल : माना $$I=\int\frac{1}{x+\sqrt{x}}dx \;=\int\frac{dx}{\sqrt{x}(\sqrt{x}+1)}$$

$\sqrt{x}+1=t$ रखने पर,

$$\frac{1}{2\sqrt{x}}dx=dt$$

$\therefore$ $$I=2\int\frac{dt}{t}=2\log t$$

अतः $$I=2\log(\sqrt{x}+1).$$

उदाहरण:

$\int\frac{\sin x\cos x}{a\cos^2 x+b\sin^2 x}dx$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल : माना $$I = \int \frac{\sin x \cos x}{a\cos^2 x + b\sin^2 x} dx$$

$$\Rightarrow \quad I = \int \frac{\sin x \cos x}{a(1-\sin^2 x) + b\sin^2 x} dx$$

$$\Rightarrow \quad I = \int \frac{\sin x \cos x}{a - a\sin^2 x + b\sin^2 x} dx$$

$$\Rightarrow \quad I = \int \frac{\sin x \cos x}{a + (b-a)\sin^2 x} dx$$

$a+(b-a)\sin^2 x = t$ रखने पर,

$$\frac{d}{dx}[a+(b-a)\sin^2 x] = \frac{dt}{dx}$$

$$0+(b-a)\frac{d}{dx}\sin^2 x = \frac{dt}{dx}$$

$\sin x = u$ रखने पर,

$$(b-a)\frac{d}{dx}u^2 = \frac{dt}{dx}$$

$$\Rightarrow \quad (b-a)\frac{d}{du}u^2 \frac{du}{dx} = \frac{dt}{dx}$$

उदाहरण:

$$\Rightarrow \quad (b-a)2u.\frac{d}{dx}(\sin x) = \frac{dt}{dx}$$

$$\Rightarrow \quad (b-a)\times 2\sin x \cos x = \frac{dt}{dx}$$

$$\Rightarrow \quad \sin x \cos x dx = \frac{dt}{2(b-a)}$$

$$\therefore \quad I = \frac{1}{2(b-a)}\int \frac{dt}{t} \Rightarrow I = \frac{1}{2(b-a)}\log t + c$$

अत: $$I = \frac{1}{2(b-a)}\log[a+(b-a)\sin^2 x)] + c.$$

उदाहरण:

$\int \frac{dx}{\sqrt{x^2-a^2}}$ का मान ज्ञात करना (To Find the Value of $\int \frac{dx}{\sqrt{x^2-a^2}}$) the Value of $\int \frac{dx}{\sqrt{x^2-a^2}}$)



माना $I = \int \frac{dx}{\sqrt{x^2-a^2}}$

अब $x = a\sec\theta$

तब $dx = a\sec\theta\tan\theta d\theta$

$\therefore \quad I = \int \frac{a\sec\theta\tan\theta d\theta}{\sqrt{a^2\sec^2\theta - a^2}}$

$$= \log\left(\frac{x+\sqrt{x^2-a^2}}{a}\right)$$

$\Rightarrow \quad I = \log\left[x+\sqrt{x^2-a^2}\right] - \log a$

$\Rightarrow \quad I = \log\left[x+\sqrt{x^2-a^2}\right] - \log a$

समाकलन अचर के रूप में $-\log a$ को छोड़ने पर,

$$I = \log[x+\sqrt{x^2-a^2}]$$

हम जानते हैं कि $\cosh^{-1}\frac{x}{a} = \log[x+\sqrt{x^2-a^2}]$

$$\therefore \quad \boxed{\int \frac{dx}{\sqrt{x^2-a^2}} = \log[x+\sqrt{x^2-a^2}] = \cosh^{-1}\frac{x}{a}}$$

नोट : $\int \frac{dx}{\sqrt{b^2x^2-a^2}} = \frac{1}{b}\log[bx+\sqrt{b^2x^2-a^2}]$.

उदाहरण:

$\int\sqrt{a^2-x^2}dx$ का मान ज्ञात करना (To Find the Value of $\int\sqrt{a^2-x^2}dx$)

माना $\quad I = \int\sqrt{a^2-x^2}dx$

अब $x = a\sin\theta$, तब $dx = a\cos\theta d\theta$

$$\therefore \quad I = \int\sqrt{a^2-a^2\sin^2\theta}.a\cos\theta d\theta$$

$$= \int a\cos\theta.a\cos\theta d\theta$$

$$= a^2\int\cos^2\theta d\theta$$

$$= \frac{a^2}{2}\int 2\cos^2\theta d\theta$$



$$= \frac{a^2}{2}\int(1+\cos 2\theta)d\theta$$

$$= \frac{a^2}{2}\left(\theta+\frac{\sin 2\theta}{2}\right)$$

$$= \frac{a^2}{2}\left(\theta+\frac{2\sin\theta\cos\theta}{2}\right)$$

$$=\frac{a^2}{2}(\theta+\sin\theta\cos\theta)$$

$$=\frac{a^2}{2}\left[\sin^{-1}\frac{x}{a}+\frac{x}{a}.\frac{\sqrt{a^2-x^2}}{a}\right]$$

$$=\frac{1}{2}x\sqrt{a^2-x^2}+\frac{1}{2}a^2\sin^{-1}\frac{x}{a}$$

$$\therefore \quad \boxed{\int\sqrt{a^2-x^2}\,dx=\frac{1}{2}x\sqrt{a^2-x^2}+\frac{1}{2}a^2\sin^{-1}\frac{x}{a}}$$

नोट : $\int\sqrt{a^2-b^2x^2}\,dx$

$$=\frac{1}{b}\left[\frac{bx}{2}\sqrt{a^2-b^2x^2}+\frac{1}{2}a^2\sin^{-1}\frac{bx}{a}\right].$$

NCERT SOLUTIONS

प्रश्नावली 7.1 (पृष्ठ संख्या 315-316)

निम्नलिखित फलन के प्रतिअवकलज (समाकलन) निरीक्षण विधि द्वारा ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 1. sin 2x

उत्तर-

$$\int \sin 2x \, dx$$

हम जानते हैं कि, $\frac{d}{dx}\cos 2x = -2\sin 2x$

या $\frac{d}{dx}\left(-\frac{1}{2}\cos 2x\right) = -\frac{1}{2}(-\sin 2x) \times 2 = \sin 2x$

$\therefore \int \sin 2x \, dx = -\frac{1}{2}\cos 2x + C$

प्रश्न 2. cos 3x

उत्तर-

$$\int \cos 3x \, dx$$

हम जानते हैं कि, $\frac{d}{dx}\sin 3x = 3\cos 3x$

या $\frac{d}{dx}\left(\frac{1}{3}\sin 3x\right) = \cos 3x$

$\therefore \int \cos 3x \, dx = \frac{1}{3}\sin 3x + C$

प्रश्न 3. e^{2x}

उत्तर-

$$\int e^{2x} dx$$

हम जानते हैं कि,

$\frac{d}{dx}(e^{2x}) = 2e^{2x}$ या $\frac{d}{dx}\left(\frac{1}{2}e^{2x}\right) = e^{2x}$

$\int e^{2x}dx = \frac{1}{2}e^{2x} + C$

प्रश्न 4. $(ax + b)^2$

उत्तर-

$\int(ax + b)^2 dx$

हम जानते हैं कि, $\frac{d}{dx}(ax + b)^3 = 3a(ax + b)^2$

या $\frac{d}{dx}\frac{1}{3a}(ax + b)^3 = (ax + b)^2$

$\int(ax + b)^2 dx = \frac{1}{3a}(ax + b)^3 + C$

प्रश्न 5. $\sin 2x - 4e^{3x}$

उत्तर-

$\int(\sin 2x - 4e^{3x})dx = \int \sin 2x\, dx - 4\int e^{3x} \ldots (1)$

$\because \frac{d}{dx}\cos 2x = -2\sin 2x$ या $\frac{d}{dx}\left(-\frac{1}{2}\cos 2x\right) = \sin 2x$

$\therefore \int \sin 2x\, dx = -\frac{1}{2}\cos 2x \ldots (2)$

तथा $\frac{d}{dx}(e^{3x}) = 3e^{3x}$ या $\frac{d}{dx}\left(\frac{1}{3}e^{3x}\right) = e^{3x}$

$\therefore \int e^{3x}dx = \frac{1}{3}e^{3x} \ldots (3)$

समीकरण (1), (2) तथा (3) से,

$\therefore \int(\sin 2x - 4e^{3x})dx = -\frac{1}{2}\cos 2x - \frac{4}{3}e^{3x} + C$

निम्नलिखित समाकलन को ज्ञात कीजिए:

प्रश्न 6. $\int(4e^{3x} + 1)dx$

उत्तर-

$\int(4e^{3x}+1)dx = 4\int e^{3x}dx + \int 1dx$

$= 4.\frac{e^{3x}}{3} + x + C = \frac{4}{3}e^{3x} + x + C$

प्रश्न 7. $\int x^2\left(1-\frac{1}{x^2}\right)dx$

उत्तर-

$\int x^2\left(1-\frac{1}{x^2}\right)dx$

$= \int(x^2-1)dx = \int x^2dx - \int 1dx$

$= \frac{x^{2+1}}{2+1} - x + C = \frac{x^3}{3} - x + C$

प्रश्न 8. $\int(ax^2+bx+c)dx$

उत्तर-

$\int(ax^2+bx+c)dx = a\int x^2dx + b\int x\,dx + c\int 1dx$

$= a\frac{x^{2+1}}{2+1} + b\frac{x^{1+1}}{1+1} + c.x + D$

$= \frac{ax^3}{3} + \frac{bx^2}{2} + cx + D$ (जहाँ D एक अचर है)

प्रश्न 9. $\int(2x^2+e^x)dx$

उत्तर-

$\int(2x^2+e^x)dx = 2\int x^2dx + \int e^xdx$

$= \frac{2.x^{2+1}}{2+1} + e^x + C = \frac{2x^3}{3} + e^x + C$

प्रश्न 10. $\int\left(\sqrt{x}-\frac{1}{\sqrt{x}}\right)^2 dx$

उत्तर-

$$\int\left(\sqrt{x}-\frac{1}{\sqrt{x}}\right)^2 dx=\int\left[(\sqrt{x})^2-2\sqrt{x}.\frac{1}{\sqrt{x}}+\left(\frac{1}{\sqrt{x}}\right)^2\right]dx$$

$$=\int\left(x-2+\frac{1}{x}\right)dx=\int x\,dx-2\int 1dx+\int\frac{1}{x}dx$$

$$=\frac{x^2}{2}-2x+\log x+C$$

प्रश्न 11. $\int\frac{x^3+5x^2-4}{x^2}dx$

उत्तर-

$$\int\frac{x^3+5x^2-4}{x^2}dx=\int\left(\frac{x^3}{x^2}+\frac{5x^2}{x^2}-\frac{4}{x^2}\right)dx$$

$$=\int x\,dx+5\int 1dx-4\int x^{-2}dx$$

$$=\frac{x^2}{2}+5x-4.\frac{x^{-2+1}}{-2+1}+C=\frac{x^2}{2}+5x+\frac{4}{x}+C$$

प्रश्न 12. $\int\frac{x^3+3x+4}{\sqrt{x}}dx$

उत्तर-

$$\int\frac{x^3+3x+4}{\sqrt{x}}dx$$

$$=\int\left(\frac{x^3}{\sqrt{x}}+\frac{3x}{\sqrt{x}}+\frac{4}{\sqrt{x}}\right)dx$$

$$=\int\left(x^{3-\frac{1}{2}}+3x^{1-\frac{1}{2}}+4x^{-\frac{1}{2}}\right)dx$$

$$=\int x^{\frac{5}{2}}dx+3\int x^{\frac{1}{2}}dx+4\int x^{-\frac{1}{2}}dx$$

$$=\frac{x^{\frac{5}{2}+1}}{\frac{5}{2}+1}+3\frac{x^{\frac{1}{2}+1}}{\frac{1}{2}+1}+4\frac{x^{-\frac{1}{2}+1}}{-\frac{1}{2}+1}+C$$

$$=\frac{x^{\frac{7}{2}}}{\frac{7}{2}}+3\frac{x^{\frac{3}{2}}}{\frac{3}{2}}+4\frac{x^{\frac{1}{2}}}{\frac{1}{2}}+C$$

$$=\frac{2}{7}x^{\frac{7}{2}}+2x^{\frac{3}{2}}+8\sqrt{x}+C$$

प्रश्न 13. ṣ $\int \frac{x^3-x^2+x-1}{x-1}dx$

उत्तर-

$$\int \frac{x^3-x^2+x-1}{x-1}dx$$
$$= \int \frac{x^2(x-1)+1(x-1)}{x-1}dx$$
$$= \int \frac{(x-1)(x^2+1)}{(x-1)}dx$$
$$= \int (x^2+1)dx = \int x^2 dx + \int 1 dx$$
$$= \frac{x^3}{3} + x + C$$

प्रश्न 14. $\int (1-x)\sqrt{x}\, dx$

उत्तर-

$$\int (1-x)\sqrt{x}\, dx$$
$$= \int (\sqrt{x} - x\sqrt{x})dx$$
$$= \int \left(x^{\frac{1}{2}} - x^{1+\frac{1}{2}}\right)dx$$
$$= \int x^{\frac{1}{2}} dx - \int x^{\frac{3}{2}} dx$$
$$= \frac{x^{\frac{1}{2}+1}}{\frac{1}{2}+1} - \frac{x^{\frac{3}{2}+1}}{\frac{3}{2}+1} + C$$
$$= \frac{x^{\frac{3}{2}}}{\frac{3}{2}} - \frac{x^{\frac{5}{2}}}{\frac{5}{2}} + C$$
$$= \frac{2}{3}x^{\frac{3}{2}} - \frac{2}{5}x^{\frac{5}{2}} + C$$

प्रश्न 15. $\int \sqrt{x}\,(3x^2+2x+3)dx$

उत्तर-

$$\int \sqrt{x}(3x^2 + 2x + 3)dx$$
$$= \int \left(3x^{2+\frac{1}{2}} + 2x^{1+\frac{1}{2}} + 3x^{\frac{1}{2}}\right)dx$$
$$= 3\int x^{\frac{5}{2}}dx + 2\int x^{\frac{3}{2}} + 3\int x^{\frac{1}{2}}dx$$
$$= 3\frac{x^{\frac{5}{2}+1}}{\frac{5}{2}+1} + 2.\frac{x^{\frac{3}{2}+1}}{\frac{3}{2}+1} + 3.\frac{x^{\frac{1}{2}+1}}{\frac{1}{2}+1} + C$$
$$= 3\frac{x^{\frac{7}{2}}}{\frac{7}{2}} + 2\frac{x^{\frac{5}{2}}}{\frac{5}{2}} + 3\frac{x^{\frac{3}{2}}}{\frac{3}{2}} + C$$
$$= 3 \times \frac{2}{7}x^{\frac{7}{2}} + 2 \times \frac{2}{5}x^{\frac{5}{2}} + 3 \times \frac{2}{3}x^{\frac{3}{2}} + C$$
$$= \frac{6}{7}x^{\frac{7}{2}} + \frac{4}{5}x^{\frac{5}{2}} + 2x^{\frac{3}{2}} + C$$

प्रश्न 16. $\int(2x - 3\cos x + e^x)dx$

उत्तर-

$$\int(2x - 3\cos x + e^x)dx$$
$$= 2\int x\,dx - 3\int \cos x\,dx + \int e^x dx$$
$$= 2.\frac{x^{1+1}}{1+1} - 3.\sin x + e^x + C \left[\because \int \cos x\,dx = \sin x\right]$$
$$= \frac{2x^2}{2} - 3\sin x + e^x + C$$
$$= x^2 - 3\sin x + e^x + C$$

प्रश्न 17. $\int\left(2x^2 - 3\sin x + 5\sqrt{x}\right)dx$

उत्तर-

$$\int(2x^2 - 3\sin x + 5\sqrt{x})dx$$
$$= 2\int x^2 dx - 3\int \sin x\,dx + 5\int \sqrt{x}dx$$
$$= 2.\frac{x^{2+1}}{2+1} - 3(-\cos x) + 5\int x^{\frac{1}{2}}dx$$

$$= \frac{2x^3}{3} + 3\cos x + 5.\frac{x^{\frac{1}{2}+1}}{\frac{1}{2}+1} + C$$

$$= \frac{2}{3}x^3 + 3\cos x + 5 \times \frac{2}{3}.x^{\frac{3}{2}} + C$$

$$= \frac{2}{3}x^3 + 3\cos x + \frac{10}{3}x^{\frac{3}{2}} + C$$

प्रश्न 18. $\int \sec x(\sec x + \tan x)dx$

उत्तर-

$$\int \sec x(\sec x + \tan x)dx$$

$$= \int(\sec^2 x + \sec x \tan x)dx$$

$$= \int(\sec^2 x\, dx)$$

$$= \int \sec x \tan x\, dx$$

$$\tan x + \sec x + C$$

प्रश्न 19. $\int \frac{\sec^2 x}{\operatorname{cosec}^2 x} dx$

उत्तर-

$$\int \frac{\sec^2 x}{\operatorname{cosec}^2 x} dx = \int \frac{\frac{1}{\cos^2 x}}{\frac{1}{\sin^2 x}} dx$$

$$= \int \frac{\sin^2 x}{\cos^2 x} dx = \int \tan^2 x\, dx \left[\because \tan^2 x = \sec^2 x - 1\right]$$

$$= \int(\sec^2 x - 1)dx = \int \sec^2 x\, dx - \int 1dx$$

$$= \tan x - x + C$$

प्रश्न 20. $\int \frac{2-3\sin x}{\cos x} dx$

उत्तर-

$$\int \frac{2-3\sin x}{\cos^2 x} dx$$

$$= \int \left(\frac{2}{\cos^2 x} - \frac{3\sin x}{\cos^2 x}\right) dx$$

$$= \int \left(\frac{2}{\cos^2 x} - \frac{3\sin x}{\cos x} \times \frac{1}{\cos x}\right) dx$$

$$= \int (2\sec^2 x - 3\sec x \tan x) dx$$

$$= 2\int \sec^2 x\, dx - 3\int \sec x \tan x\, dx$$

$$= 2\tan x - 3\sec x + C$$

सही उत्तर का चयन कीजिए:

प्रश्न 21.

$\left(\sqrt{x} + \frac{1}{\sqrt{x}}\right)$ का प्रतिअवकलज है:

a. $\frac{1}{3}x^{\frac{1}{3}} + 2x^{\frac{1}{2}} + C$

b. $\frac{2}{3}x^{\frac{2}{3}} + \frac{1}{2}x^2 + C$

c. $\frac{2}{3}x^{\frac{3}{2}} + 2x^{\frac{1}{2}} + C$

d. $\frac{3}{2}x^{\frac{3}{2}} + \frac{1}{2}x^{\frac{1}{2}} + C$

उत्तर-

c. $\frac{2}{3}x^{\frac{3}{2}} + 2x^{\frac{1}{2}} + C$

हल-

$\left(\sqrt{x} + \frac{1}{\sqrt{x}}\right)$ का प्रतिअवकलज

$$= \int \left(\sqrt{x} + \frac{1}{\sqrt{x}}\right) dx$$

$$= \frac{1}{\frac{3}{2}} x^{\frac{3}{2}} + \frac{1}{\frac{1}{2}} + C$$

$$= \frac{2}{3} x^{\frac{3}{2}} + 2x^{\frac{1}{2}} + C$$

अब विकल्प (C) सही है।

प्रश्न 22.

यदि $\frac{d}{dx} f(x) = 4x^3 - \frac{3}{x^4}$ जिसमें f(2) = 0 तो f(x) है:

a. $x^4 + \frac{1}{x^3} - \frac{129}{8}$

b. $x^3 + \frac{1}{x^4} + \frac{129}{8}$

c. $x^4 + \frac{1}{x^3} + \frac{129}{8}$

d. $x^3 + \frac{1}{x^4} - \frac{129}{8}$

उत्तर-

a. $x^4 + \frac{1}{x^3} - \frac{129}{8}$

हल-

$$\frac{d}{dx} f(x) = 4x^3 - \frac{3}{x^4}$$

$$\therefore f(x) = \int \left(4x^3 - \frac{3}{x^4}\right) dx$$

$$= \frac{4}{4} x^4 - \frac{3}{-3} \cdot \frac{1}{x^3} + C = x^4 + \frac{1}{x^3} + C$$

परन्तु f(2) = 0

$$\therefore (2)^4 + \frac{1}{(2)^3} + C = 0$$

$$\Rightarrow 16 + \frac{1}{8} + C = 0$$

$$\Rightarrow C = -\frac{129}{8}$$

$$\therefore f(x) = x^4 + \frac{1}{x^3} - \frac{129}{8}$$

अतः विकल्प (a) सही है।

प्रश्नावली 7.2 (पृष्ठ संख्या 321-322)

फलन का समाकलन ज्ञात कीजिए-

प्रश्न 1. $\frac{2x}{1+x^2}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{2x}{1+x^2} dx$

माना $1 + x^2 = t$, दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$(0 + 2x)\frac{dx}{dt} = 1$

$\Rightarrow 2x\, dx = dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \int \frac{dt}{t} = \log t + C = \log(1 + x^2) + C$

प्रश्न 2. $\frac{(\log x)^2}{x}$

उत्तर-

माना $\log x = t$ तब $\frac{1}{x}dx = dt$

$\int \frac{(\log x)^2}{x} dx = \int t^2 dt = \frac{t^3}{3} + C$

$= \frac{1}{3}(\log x)^3 + C$

प्रश्न 3. $\frac{1}{x + x\log x}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{1}{x + x\log x} dx = \int \frac{1}{x(1+\log x)} dx$

माना $1 + \log x = t$, दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन पर,

प्रश्न 4. sin x sin(cos x)

उत्तर-

माना $I = \int \sin x \sin(\cos x)dx \ldots (1)$

माना $\cos x = t$, दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$-\sin x\, dx = dt \Rightarrow \sin x\, dx = -dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \int \sin(\cos x)(\sin x)dx = -\int \sin t\, dt$

$= \cos t + C = \cos(\cos x) + C$

प्रश्न 5. $\sin(ax + b)\cos(ax + b)$

उत्तर-

माना $I = \int \sin(ax + b)\cos(ax + b)dx$

माना $\sin(ax + b) = t$, दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$a\cos(ax + b)dx = dt$

या $\cos(ax + b)dx = \frac{dt}{a}$

$\therefore I = \int \frac{1}{a} t\, dt = \frac{1}{a}\int t\, dt = \frac{1}{a}\frac{t^2}{2} + C$

$= \frac{1}{2a}\sin^2(ax + b) + C$

प्रश्न 6. $\sqrt{ax + b}$

उत्तर-

माना $a + bx = t$ तब $b\, dx = dt$ या $dx = \frac{1}{b}dt$

$\therefore \int \sqrt{(a + bx)}dx = \int \sqrt{t}.\, \frac{1}{b}dt = \frac{1}{b}\int t^{\frac{1}{2}}dt$

$= \frac{1}{b}.\frac{t^{\frac{3}{2}}}{\frac{3}{2}} + C$

$= \frac{2}{3b} \cdot (a + bx)^{\frac{3}{2}} + C$ जहाँ C समाकलन अचर है।

प्रश्न 7. $x\sqrt{x+2}$

उत्तर-

माना $I = \int x\sqrt{x+2}dx = \int (x + 2 - 2)\sqrt{x+2}dx$

$= \int (x+2)^{\frac{3}{2}} dx - 2\int (x+2)^{\frac{1}{2}} dx$

$= \frac{(x+2)^{\frac{3}{2}+1}}{\frac{3}{2}+1} - 2\frac{(x+2)^{\frac{1}{2}+1}}{\frac{1}{2}+1} + C$

$= \frac{(x+2)^{\frac{5}{2}}}{\frac{5}{2}} - \frac{2(x+2)^{\frac{3}{2}}}{\frac{3}{2}} + C$

$= \frac{2}{5}(x+2)^{\frac{5}{2}} - \frac{4}{3}(x+2)^{\frac{3}{2}} + C$

प्रश्न 8. $x\sqrt{1+2x^2}$

उत्तर-

माना $I = \int x\sqrt{1+2x^2}\, dx$

माना $1 + 2x^2 = t$, दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$4x\, dx = dt \therefore\ dx = \frac{1}{4x}dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \int \sqrt{t}. \frac{x\, dt}{4x}$

$\Rightarrow I = \frac{1}{4}\int t^{\frac{1}{2}} dt = \frac{1}{4}\frac{t^{\frac{1}{2}+1}}{\frac{1}{2}+1} + C$

$= \frac{1}{4}\frac{t^{\frac{3}{2}}}{\frac{3}{2}} + C = \frac{1}{6}t^{\frac{3}{2}} + C$

$= \frac{1}{6}(1+2x^2)^{\frac{3}{2}} + C$

प्रश्न 9. $(4x+2)\sqrt{x^2+x+1}$

उत्तर-

माना $I=\int(4x+2)\sqrt{x^2+x+1}\,dx$

$=2\int(2x+1)\sqrt{x^2+x+1}\,dx$

माना $x^2+x+1=t$, दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$(2x+1)dx=dt \Rightarrow dx=\frac{dt}{2x+1}$

$\therefore$ (1) से, $I=2\int\sqrt{t}.\frac{dt}{2x+1}(2x+1)$

$\Rightarrow I=2\int t^{\frac{1}{2}}dt=\frac{2t^{\frac{1}{2}+1}}{\frac{1}{2}+1}+C$

$=\frac{2t^{\frac{3}{2}}}{\frac{3}{2}}+C=\frac{4}{3}t^{\frac{3}{2}}+C$

$=\frac{4}{3}(x^2+x+1)+C$

प्रश्न 10. $\frac{1}{x-\sqrt{x}}$

उत्तर-

$\int\frac{1}{x-\sqrt{x}}dx=\int\frac{1}{\sqrt{x}(x-1)}dx=I$

अब $\sqrt{x}-1=t$

$\frac{1}{2}x^{-\frac{1}{2}}dx=dt$

$I=2\int\frac{dt}{t}$

$=2\log t+C$

$=2\log(\sqrt{x}-1)+C$

प्रश्न 11. $\frac{x}{\sqrt{x+4}}, x>0$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{x}{\sqrt{x+4}} dx = \int \frac{x+4-4}{\sqrt{x+4}} dx$

$= \int \frac{x+4}{\sqrt{x+4}} dx - \int \frac{4}{\sqrt{x+4}} dx$

$= \int \sqrt{x+4}\, dx - 4\int (x+4)^{-\frac{1}{2}} dx$

$= \frac{2}{3}(x+4)^{\frac{3}{2}} - 4.2(x+4)^{-\frac{1}{2}+1} + C$

$= \frac{2}{3}(x+4)^{\frac{3}{2}} - 8(x+4)^{\frac{1}{2}} + C$

प्रश्न 12. $(x^3 - 1)^{\frac{1}{3}x^5}$

उत्तर-

माना $I = \int (x^3 - 1)^{\frac{1}{3}} x^5 dx$

$= \int (x^3 - 1)^{\frac{1}{3}} x^3 . x^2 dx$

माना $x^3 - 1 = t$ तथा दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$x^3 = 1 + t$

$\therefore 3x^2 dx = dt \Rightarrow dx = \frac{dt}{3x^2}$

$\therefore$ समीकरण (1) से,

$I = \int t^{\frac{1}{3}}(1+t)\frac{x^2 dt}{3x^2}$

$= \frac{1}{3}\int t^{\frac{1}{3}}(1+t)dt$

$= \frac{1}{3}(t^{\frac{1}{3}} + t^{\frac{4}{3}})dt$

$= \frac{1}{3}\left[\frac{t^{\frac{1}{3}+1}}{\frac{1}{3}+1} + \frac{t^{\frac{4}{3}+1}}{\frac{4}{3}+1}\right] + C$

$= \frac{1}{3}\left[\frac{3}{4}t^{\frac{4}{3}} + \frac{3}{7}t^{\frac{7}{3}}\right] + C$

$= \frac{1}{4} t^{\frac{4}{3}} + \frac{1}{7} t^{\frac{7}{3}} + C$

$= \frac{1}{4}(x^3 - 1)^{\frac{4}{3}} + \frac{1}{7}(x^3 - 1)^{\frac{7}{3}} + C$

प्रश्न 13. $\frac{x^2}{(2+3x^3)^3}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{x^2}{(2+3x^3)^3} dx$

$2 + 3x^3 = t$ रखने पर, दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$9x^2 dx = dt \Rightarrow dx = \frac{dt}{9x^2}$

$\therefore$ (1) से, $I = \int \frac{1}{t^3} \times \frac{x^2 dt}{9x^2} = \frac{1}{9} \int \frac{1}{t^3} dt$

$= \frac{1}{9} \int t^{-3} dt = \frac{1}{9} \frac{t^{-3+1}}{-3+1} + C$

$= \frac{1}{9} \frac{t^{-2}}{-2} + C = -\frac{1}{18} \frac{1}{t^2} + C$

$= -\frac{1}{18(2+3x^3)^2} + C$

प्रश्न 14. $\frac{1}{x(\log x)^m}, x > 0, m \neq 1$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{1}{x(\log x)^m} dx$

$\log x = t$ रखने पर, दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर, $\frac{1}{x} dx = dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \int \frac{dt}{t^m} = \int t^{-m} dt = \frac{t^{-m+1}}{-m+1} + C$

$= \frac{(\log x)^{-m+1}}{1-m} + C$

प्रश्न 15. $\frac{x}{9-4x^2}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{x}{9-4x^2} dx$

$9 - 4x^2 = t$ रखने पर,

दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर, $-8x\ dx = dt$ या $dx = -\frac{1}{8x} dt$

$\therefore$ समीकरण (1) से, $I = \int \frac{x}{t}\left(-\frac{1}{8x} \times dt\right) = -\frac{1}{8}\int \frac{dt}{t} = -\frac{1}{8}\log|t| + C$

$= \frac{1}{8}\log(t)^{-1} + C = \frac{1}{8}\log\frac{1}{t} + C = \frac{1}{8}\log\frac{1}{(9-4x^2)} + C$

प्रश्न 16. e^{2x+3}

उत्तर-

$\int e^{2x+3} dx = \frac{1}{2}\int e^t dt$

$= \frac{1}{2}e^t + C = \frac{1}{2}e^{2x+3} + C$

प्रश्न 17. $\frac{x}{e^{x^2}}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{x}{e^{x^2}} dx$

$x^2 = t$ रखने पर, तब $2x\ dx = dt$ या $x\ dx = \frac{1}{2} dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \frac{1}{2}\int \frac{dt}{e^t} = \frac{1}{2}\int e^{-t} dt = \frac{1}{2}\frac{e^{-t}}{-1} + C$

$= -\frac{e^{-x^2}}{2} + C = -\frac{1}{2e^{x^2}} + C$

प्रश्न 18. $\frac{e^{\tan^{-1}x}}{1+x^2}$

उत्तर-

$\tan^{-1}x = t$ तब $\frac{1}{1+x^2} dx = dt$

$\int \frac{e^{\tan^{-1}x}}{1+x^2}dx = \int e^t dt = e^t + C = e^{\tan^{-1}x} + C$

प्रश्न 19. $\frac{e^{2x}-1}{e^{2x}+1}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{e^{2x}-1}{e^{2x}+1}dx = \int \frac{e^x(e^x-e^{-x})}{e^x(e^x+e^{-x})}dx$

$= \int \frac{e^x-e^{-x}}{e^x+e^{-x}}dx$

$e^x + e^{-x} = t$ रखने पर तथा दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर, $(e^x - e^{-x})dx = dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \int \frac{dt}{t} = \log|t| + C = \log(e^x + e^{-x}) + C$

प्रश्न 20. $\frac{e^{2x}-e^{-2x}}{e^{2x}+e^{-2x}}$

उत्तर-

दिया है- $e^{2x} - e^{-2x} = t$

ताकि $(2e^{2x} - 2e^{-2x})dx = dt$

$\therefore \int \frac{e^{2x}-e^{2x}}{e^{2x}+e^{-2x}}dx = \frac{1}{2}\int \frac{1}{t}dt = \frac{1}{2}\log|t| + C$

$= \frac{1}{2}\log + |e^{2x} + e^{-2x}| + C$

प्रश्न 21. $\tan^2(2x-3)$

उत्तर-

$I = \int \tan^2(2x-3)dx$

$= \int[\sec^2(2x-3) - 1]dx = \int \sec^2(2x-3)dx - \int 1dx \ldots (1)$

माना $(2x-3) = t$ तथा दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$2dx = dt \Rightarrow dx = \frac{1}{2}dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \frac{1}{2}\int \sec^2 t\, dt - \int 1dx = \frac{1}{2}\tan t - x + C$

$= \frac{1}{2}\tan(2x-3) - x + C$

प्रश्न 22. $\sec^2(7-4x)$

उत्तर-

माना

$I = \int \sec^2(7-4x) \ldots (1)$

माना $7-4x = t$, दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

या $-4dx = dt \Rightarrow dx = -\frac{1}{4}dt$

$\therefore$ (1) से, $I = -\frac{1}{4}\int \sec^2 t\, dt = -\frac{1}{4}\tan t + C$

$= -\frac{1}{4}\tan(7-4x) + C$

प्रश्न 23. $\frac{\sin^{-1} x}{\sqrt{1-x^2}}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{\sin^{-1} x}{\sqrt{1-x^2}} dx \ldots (1)$

माना $\sin^{-1} x = t$, दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर, $\frac{1}{\sqrt{1-x^2}} dx = dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \int t\, dt = \frac{t^2}{2} + C = \frac{(\sin^{-1} x)^2}{2} + C$

प्रश्न 24. $\frac{2\cos x - 3\sin x}{6\cos x + 4\sin x}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{2\cos x - 3\sin x}{6\cos x + 4\sin x} dx$

$= \int \frac{2\cos x - 3\sin x}{2(2\sin x + 3\cos x)} dx = \frac{1}{2}\int \frac{2\cos x - 3\sin x}{2\sin x + 3\cos x} \ldots (1)$

माना $2\sin x + 3\cos x = t$,

दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर, $(2\cos x - 3\sin x)dx = dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \frac{1}{2}\int \frac{dt}{t} = \frac{1}{2}\log + [t] + C$

$= \frac{1}{2}\log(2\sin x + 3\cos x) + C$

प्रश्न 25. $\frac{1}{\cos^2 x(1-\tan x)^2}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{1}{\cos^2 x(1-\tan x)^2} dx = \int \frac{\sec^2 x}{(1-\tan x)} dx \ldots (1)$

माना $1 - \tan x = t$ दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$\Rightarrow (0 - \sec^2 x)dx = dt \Rightarrow dx = -\frac{dt}{\sec^2 x}$

$\therefore$ (1) से, $I = \int \frac{\sec^2 x\, dt}{t^2(-\sec^2 x)} = -\int \frac{1}{t^2} dt$

$= -\int t^{-2} dt = -\frac{t^{-2+1}}{-2+1} + C$

$= -\frac{t^{-1}}{-1} + C = \frac{1}{t} + C = \frac{1}{1-\tan x} + C$

प्रश्न 26. $\frac{\cos\sqrt{x}}{\sqrt{x}}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{\cos\sqrt{x}}{\sqrt{x}} dx$

माना $\sqrt{x} = t$ दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$\frac{1}{2\sqrt{x}} dx = dt \Rightarrow \frac{1}{\sqrt{x}} dx = 2dt$

$\therefore$ (1) से, $I = 2\int \cos t\, dt = 2(-\sin t) + C$

$= -2\sin t + C = -2\sin\sqrt{x} + C$

प्रश्न 27. $\sqrt{\sin 2x}\cos 2x$

उत्तर-

मान $I = \int \sqrt{\sin 2x}.\cos 2x\, dx \ldots (1)$

माना $\sin 2x = t$ दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$\Rightarrow 2\cos 2x\, dx = dt \Rightarrow \cos 2x\, dx = \frac{dt}{2}$

$\therefore$ (1) से, $I = \frac{1}{2}\int t^{\frac{1}{2}} dt = \frac{1}{2}\frac{t^{\frac{1}{2}+1}}{\frac{1}{2}+1} + C$

$= \frac{1}{2}.\frac{t^{\frac{3}{2}}}{\frac{3}{2}} + C = \frac{1}{3}t^{\frac{3}{2}} + C$

$= \frac{1}{3}(\sin 2x)^{\frac{3}{2}} + C$

प्रश्न 28. $\frac{\cos x}{\sqrt{1+\sin x}}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{\cos x}{\sqrt{1+\sin x}} dx \ldots (1)$

माना $1 + \sin x = t$ दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर, $\cos x\, dx = dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \int \frac{dt}{\sqrt{t}} = \int t^{-\frac{1}{2}} dt = \frac{t^{-\frac{1}{2}+1}}{-\frac{1}{2}+1} + C$

$= \frac{t^{\frac{1}{2}}}{\frac{1}{2}} + C = 2t^{\frac{1}{2}} + C$

$= 2(1+\sin x)^{\frac{1}{2}} + C = 2\sqrt{1+\sin x} + C$

प्रश्न 29. $\cot x \log \sin x$

उत्तर-

माना $I = \int \cot x \log \sin x\, dx \ldots (1)$

माना $\log \sin x = t$ तथा दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$\frac{1}{\sin x}\cdot \cos x\, dx = dt \Rightarrow \cot x\, .\, dx = dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \int \log \sin x(\cot x\, dx) = \int t\, dt = \frac{t^2}{2} + C$

$= \frac{(\log \sin x)^2}{2} + C$

प्रश्न 30. $\frac{\sin x}{1+\cos x}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{\sin x}{1+\cos x} dx \ldots (1)$

माना $1 + \cos x = t$ रखने पर,

दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर, $-\sin x\, dx = dt$ या $\sin x\, dx = -dt$

$\therefore$ (1) से, $I = -\int \frac{dt}{t} = -\log t + C$

$= \log t^{-1} + C = \log \frac{1}{t} + C$

$= \log \left|\frac{1}{1+\cos x}\right| + C$

प्रश्न 31. $\frac{\sin x}{(1+\cos x)^2}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{\sin x}{(1+\cos x)^2} dx \ldots (1)$

माना $1 + \cos x = t$ तथा

दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर, $-\sin x\, dx = dt \Rightarrow \sin x\, dx = -dt$

$\therefore$ (1) से, $I = -\int \frac{dt}{t^2} = -\int t^{-2} dt = -\frac{t^{-1}}{-1} + C$

$= \frac{1}{t} + C = \frac{1}{1+\cos x} + C$

प्रश्न 32. $\frac{1}{1+\cot x}$

उत्तर-

मान $I = \int \frac{1}{1+\cot x} dx = \int \frac{1}{1+\frac{\cos x}{\sin x}} dx$

$= \int \frac{\sin x}{\sin x+\cos x} dx = \frac{1}{2}\int \frac{2\sin x}{\sin x+\cos x} dx$

$= \frac{1}{2}\int \frac{\sin x+\cos x+\sin x-\cos x}{(\sin x+\cos x)} dx$

$= \frac{1}{2}\int \frac{\sin x+\cos x}{\sin x+\cos x} dx - \frac{1}{2}\int \frac{\cos x-\sin x}{\sin x+\cos x} dx$

$I = \frac{1}{2}\int 1dx - \frac{1}{2}\int - \frac{\cos x-\sin x}{\sin x+\cos x} dx \ldots (1)$

$\sin x + \cos x = t$ रखने पर,

तथा दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर, $(\cos x - \sin x)dx = dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \frac{1}{2}\int 1.dx - \frac{1}{2}\int \frac{dt}{t} = \frac{1}{2}x - \frac{1}{2}\log t + C$

$= \frac{1}{2}x - \frac{1}{2}\log(\sin x + \cos x) + C$

प्रश्न 33. $\frac{1}{1-\tan x}$

उत्तर-

मान $I = \int \frac{1}{1-\tan x} dx = \int \frac{1}{1-\frac{\sin x}{\cos x}} dx = \int \frac{\cos x}{\cos x-\sin x} dx$

$= \frac{1}{2}\int \frac{2\cos x}{\cos x-\sin x} dx = \frac{1}{2}\int \frac{\cos x-\sin x+\cos x+\sin x}{\cos x-\sin x} dx$

$= \frac{1}{2}\int \frac{(\cos x-\sin x)}{(\cos x-\sin x)} dx + \frac{1}{2}\int \frac{\cos x+\sin x}{\cos x-\sin x} dx$

$= \frac{1}{2}\int 1dx - \frac{1}{2}\int \frac{-\cos x-\sin x}{\cos x-\sin x} dx$

$= \frac{1}{2}x - \frac{1}{2}\int \frac{-\sin x-\cos x}{\cos x-\sin x} \ldots (1)$

$\cos x - \sin x = t$ रखने पर,

तथा दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर, $(-\sin x - \cos x)dx = dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \frac{1}{2}x - \frac{1}{2}\int \frac{dt}{t} + C = \frac{1}{2}x - \frac{1}{2}\log t + C$

$= \frac{1}{2}x - \frac{1}{2}\log(\cos x - \sin x) + C$

प्रश्न 34. $\frac{\sqrt{\tan x}}{\sin x \cos x}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{\sqrt{\tan x}}{\sin x \cos x} dx = \int \frac{\sqrt{\tan x}}{\frac{\sin x}{\cos x} \cos^2 x} dx$ $\left(\frac{\cos x}{\cos x} = 1, \text{ हर में गुणा करने पर} \right)$

$= \int \frac{\sqrt{\tan x}}{\tan x} \sec^2 x \, dx = \int \frac{\sec^2 x}{\sqrt{\tan x}} dx \ldots (1)$

माना $\tan x = t$, तब $\sec^2 x \, dx = dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \int \frac{dt}{\sqrt{t}} = \int t^{-\frac{1}{2}} dt = \frac{t^{-\frac{1}{2}+1}}{-\frac{1}{2}+1} + C = 2\sqrt{t} + C$

$= 2\sqrt{\tan x} + C$

प्रश्न 35. $\frac{(1+\log x)^2}{x}$

उत्तर-

दिया है- $1 + \log x = t$

$\Rightarrow \frac{1}{x} dx = dt$

$\int \frac{(1+\log x)^2}{x} dx = \int t^2 dt = \frac{t^2}{3} + C$

$= \frac{1}{3}(1 + \log x)^3 + C$

प्रश्न 36. $\frac{(x+1)(x+\log x)^2}{x}$

उत्तर-

$\int \frac{(x + 1)(x + \log x)^2}{x} dx$

$= \int \frac{(x + 1)}{x} (x + \log x)^2 dx$

$= \int (1 + \frac{1}{x})(x + \log x)^2 dx$

माना

x + logx = t

(1 + (1/x))dx = dt

\ I = ∫t²dt

= (t³/3) + C

= [(x + logx)³/3] + C

प्रश्न 37. $\frac{x^3 \sin(\tan^{-1} x^4)}{1+x^8}$

उत्तर-

माना $I = \int \frac{x^3 \sin(\tan^{-1} x^4)}{1+x^8} dx$

माना $\tan^{-1} x^4 = t$ रखने पर,

दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$\frac{1}{1+x^8} \frac{d}{dx} x^4 dx = dt$

$\Rightarrow \frac{4x^3}{1+x^8} dx = dt$

$\Rightarrow dx = \frac{1+x^8}{4x^3} dt$

$\therefore$ (1) से, $I = \int \sin(\tan^{-1} x^4)\left(\frac{x^3}{1+x^8}\right)\left(\frac{1+x^8}{4x^3}\right) dt$

$= \frac{1}{4} \int \sin t \, dt = \frac{1}{4}(-\cos t) + C$

$= -\frac{1}{4} \cos(\tan^{-1} x^4) + C$

सही उत्तर का चयन कीजिए:

प्रश्न 38.

$\int \frac{10x^9 + 10^x \log_e^{10} dx}{x^{10} + 10^x}$ बराबर है:

a. $10^x - x^{10} + C$

b. $10^x + x^{10} + C$

c. $(10^x - x^{10})^{-1} + C$

d. $\log(10^x + x^{10}) + C$

उत्तर-

d. $\log(10^x + x^{10}) + C$

हल-

माना $x^{10} + 10^x = t$ तब $(10x^9 + 10^x \log_e 10)dx = dt$

$\therefore \int \frac{10x^9+10^x \cdot \log_e 10}{x^{10}+10^x} dx$

$= \int \frac{dt}{t} = \log t + C = \log(x^{10} + 10^x) + C$

अतः विकल्प (d) सही है।

प्रश्न 39.

$\int \frac{dx}{\sin^2 x \cos^2 x}$ बराबर है:

a. $\tan x + \cot x + C$

b. $\tan x - \cot x + C$

c. $\tan x \cot x + C$

d. $\tan x - \cot 2x + C$

उत्तर-

b. $\tan x - \cot x + C$

हल-

$\int \frac{dx}{\sin^2 x \cos^2 x}$

$= \int \frac{\sin^2 x + \cos^2 x}{\sin^2 x \cos^2 x} dx$

$$= \int \left(\frac{1}{\cos^2 x} + \frac{1}{\sin^2 x} \right) dx$$

$$= \int (\sec^2 x + \operatorname{cosec}^2 x) dx = \tan x - \cot x + C$$

अतः विकल्प (b) सही है।

प्रश्नावली 7.3 (पृष्ठ संख्या 323-324)

प्रश्न 1. $\sin^2(2x + 5)$

उत्तर-

माना $I = \int \sin^2(2x + 5) dx$

$$= \int \frac{1 - \cos 2(2x+5)}{2} dx \left[\because \sin^2 A = \frac{1 - \cos 2A}{2} \right]$$

$$= \frac{1}{2} \int [(1 - \cos(4x + 10)] dx$$

$$= \frac{1}{2} \int dx - \frac{1}{2} \int \cos(4x + 10) dx \ldots (1)$$

माना $4x + 10 = t,$

दोनों पक्षों का t के सापेक्ष अवकलन करने पर, $4dx = dt \Rightarrow dx = \frac{dt}{4}$

$\therefore$ (1) से, $I = \frac{x}{2} - \frac{1}{2} \times \frac{1}{4} \int \cos t \, dt = \frac{x}{2} - \frac{1}{8} \sin t + C$

$$= \frac{x}{2} - \frac{1}{8} \sin(4x + 10) + C$$

प्रश्न 2. $\sin 3x \cos 4x$

उत्तर-

$$\int \sin 3x \cos 4x \, dx = \frac{1}{2} \int 2 \sin 3x \cos 4x \, dx$$

$$= \frac{1}{2} \int (\sin 7x - \sin x) dx$$

$$= \frac{1}{2} \left(-\frac{\cos 7x}{7} + \cos x \right) + C$$

$$= -\frac{\cos 7x}{14} + \frac{\cos x}{2} + C$$

प्रश्न 3. cos 2x cos 4x cos 6x

उत्तर-

$\cos 2x \cos 4x \cos 6x\, dx$

$\int \cos 2x \cos 4x \cos 6x\, dx$

$= \frac{1}{2} \int (2 \cos 2x \cos 4x) \cos 6x\, dx$

$= \frac{1}{2} \int (\cos 6x + \cos 2x) \cos 6x\, dx$

$= \frac{1}{2} \int (\cos^2 6x + \cos 2x \cos 6x) dx$

$= \frac{1}{4} \int (2 \cos^2 6x) dx + \frac{1}{4} \int 2 \cos 2x \cos 6x\, dx$

$= \frac{1}{4} \int (1 + \cos 12x) dx + \frac{1}{2} \int (\cos 8x + \cos 4x) dx$

$= \frac{1}{4} x + \frac{1}{4} \times \frac{\sin 12x}{12} + \frac{1}{4} \times \frac{\sin 8x}{8} + \frac{1}{4} \frac{\sin 4x}{4} + C$

$= \frac{1}{4} x + \frac{\sin 12x}{48} + \frac{\sin 8x}{32} + \frac{\sin 4x}{16} + C$

प्रश्न 4. $\sin^3(2x + 1)$

उत्तर-

माना $I = \int \sin^3(2x + 1) dx$

$= \frac{1}{4} \int [3 \sin(2x + 1) - \sin 3(2x + 1)] dx \left[\because \sin^3 \theta = \frac{1}{4}(3 \sin \theta - \sin 3\theta)\right]$

$= \frac{3}{4}\left(-\frac{\cos(2x+1)}{2}\right) - \frac{1}{4}\left(\frac{-\cos 3(2x-1)}{6}\right) + C$

$= -\frac{3}{8} \cos(2x + 1) + \frac{1}{24} \cos 3(2x + 1) + C$

$= -\frac{3}{8} \cos(2x + 1) + \frac{1}{24} [4 \cos^3(2x + 1)] [\because \cos 3\theta = 4 \cos^3 \theta - 3 \cos \theta]$

$- 3 \cos(2x + 1) + C$

$= -\frac{3}{8} \cos(2x + 1) + \frac{1}{6} \cos^3(2x + 1) - \frac{1}{8} \cos(2x + 1) + C$

$= -\frac{1}{2} \cos(2x + 1) + \frac{1}{6} \cos^3(2x + 1) + C$

प्रश्न 5. $\sin^3 x \cos^3 x$

उत्तर-

माना $I = \int \sin^3 x \cos^3 x\, dx = \int \sin x. \sin^2 x \cos^3 x\, dx$

$= \int \sin x(1 - \cos^2 x) \cos^3 x\, dx$

$= \int (\cos^3 x - \cos^5 x) \sin x\, dx \ldots (1)$

माना $\cos x = t,$

तथा दोनों पक्षों का x के सापेक्ष अवकलन करने पर, $\Rightarrow -\sin x\, dx = dt \Rightarrow dx = \frac{dt}{-\sin x}$

$\therefore$ (1) से, $I = \int (\cos^3 x - \cos^5 x) \frac{dt}{-\sin x} \times (\sin x)$

$= -\int (t^3 - t^5) dt = -\frac{t^4}{4} + \frac{t^6}{6} + C$

$= \frac{1}{6} \cos^6 x - \frac{1}{4} \cos^4 x + C$

प्रश्न 6. $\sin x \sin 2x \sin 3x$

उत्तर-

